लोक सभा अध्यक्ष ने जन्माष्टमी की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, 29 अगस्त, 2021: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी है। अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा:

"श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर देशवासियों को हार्दिक बधाई।

भगवान कृष्ण हमारी प्राचीन सभ्यता, संस्कृति और सामूहिक विवेक के जीवंत प्रतीक हैं। उनके अनेक रूप हैं। श्री कृष्ण के मनमोहक बाल रूप से हम सभी भली-भांति परिचित हैं।

महाभारत में वह एक कुशल रणनीतिकार थे और भागवत पुराण में हमें उनके दिव्य रूप का परिचय मिलता है। गीता में भगवान कृष्ण एक गुरु के रूप में ज्ञान के अथाह सागर हैं।

भगवान कृष्ण ने मानवता को सत्य, धर्म और न्याय के पथ पर आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने मानवता को उत्कृष्टता प्राप्त करने का संदेश भी दिया। संपूर्ण ब्रह्मांड उनके अलौकिक स्वरूप का भाग मात्र है।

भगवान कृष्ण की वंदना हम एक रक्षक और सर्वोच्च शक्ति के रूप में करते हैं। यही कारण है कि हम हर साल श्री कृष्ण जन्मोत्सव को बहुत उत्साह और उल्लास के साथ मनाते हैं।

गीता ब्रह्मांड का सबसे महत्वपूर्ण ग्रंथ है, जो मानवता की सभी दुविधाओं, शंकाओं और समस्याओं का समाधान करता है।

मैं एक बार फिर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर देशवासियों को बधाई देता हूं। जय श्री कृष्ण।"